दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, शुक्रवार 02 जुलाई 2021

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### निजामुद्दीन और रायगढ़ के मध्य 5 जुलाई से चलेगी गोंडवाना स्पेशल ट्रेन

**रायपुर (आरएनएस)।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये निजामुद्दीन और रायगढ़ के मध्य 5 जुलाई से पुनः गोंडवाना स्पेशल ट्रेन चलने जा रही है। ये स्पेशल ट्रेन 02410 नंबर के साथ निजामुद्दीन से रायगढ़ के लिए सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार एवं शनिवार को 05 जुलाई से तथा 02409 नंबर के साथ रायगढ़ से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को 07 जुलाई से चलेगी। यह गाड़ी आगामी आदेश तक चलती रहेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 02 पावरकार, 04 सामान्य, 06 स्लीपर, 06 एसी-थ्री तथा 02 एसी-टू कोच सहित कुल 20 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह गाड़ी पूरी तरह आरक्षित है तथा केवल कंफर्म टिकट यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति रहेगी साथ ही यात्रा के दौरान कोविड-19 के नियमों का आवश्यक रूप से पालन करना होगा।

### नाबालिग लड़की का पिता ने सिर फोड़ा,मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** नाबालिग लड़की को अधर-उधर घूमती है कहकर पिता ने ईट मारकर सिर फोड़ दिया। मामले की शिकायत मौदहापारा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार स्वीपर बस्ती मौदहापारा निवासी पीड़िता 16 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थिया का पिता आनंद रात्रे 50 वर्ष ने उसे इधर -उधर घुमती रहती है कहकर गाली-गलौच कर ईट से मारकर सिर फोड़ दिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने पीड़िता के पिता के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### एडीजी जीपी सिंह के 10 ठिकानों पर एसीबी का छापा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में एन्टी करप्शन ब्यूरो के मुखिया रहे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आईपीएस जीपी सिंह के 10 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा है। कार्यवाही अभी तक जारी है। छत्तीसगढ़ के सीनियर आईपीएस (एडीजी) जेपी सिंह के लगभग 10 ठिकानों पर आज तड़के सुबह एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम के द्वारा छापामार कार्रवाई किए जाने की खबर है। जानकारी मिली है कि एंटी करप्शन ब्यूरो ने पहले जीपी सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला पंजीबद्ध किया है। उसके बाद आज सुबह तड़के 6:00 बजे सुनियोजित तरीके से आईपीएस सिंह के ठिकानों पर छापामार की गई है। जानकारी मिली है कि जिन 10 ठिकानों पर छापामार की गई है, उनमें से कुछ जीपीसी के सहयोगी हैं। इस छापामार कार्रवाई की खबर पूरे प्रशासनिक महकमे में फैल चुकी है। इसकी खबर फैलने के बाद राजनीति, प्रशासन और पुलिस बिरादरी में कई तरह की चर्चाएं जारी है। गौरतलब है सीनियर आईपीएस जीपी सिंह पुलिस मुख्यालय में महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं देने के अलावा कई रेंज के आईजी और खेल विभाग में भी महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

### डेढ़ लाख के अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** खमतराई पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर गोंदवारा स्थित किराना दुकान में दबिश देकर साढ़े 500 ग्राम अफीम जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी को धारा 18 बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी का नाम मुकेश साव 39 वर्ष निवासी गोंदवारा है। आरोपी गोंदवारा में किराना दुकान चलाता है और साथ ही नशा का कारोबार करता था। पुलिस मामले में आरोपी को रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है कि अफीम कहां से लाया गया था।

# सेवानिवृत्त व स्थानांतरित हुए पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को दी गई विदाई

**» ट्रांसफर हुये एसडीओपी सारंगढ़ व दो डीएसपी तथा सेवानिवृत्त टीआई गौरी शंकर दुबे सहित 5 पुलिसकर्मी का हुआ सम्मान**



**रायगढ़।** 30 जून 2021 को जिले से 5 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं वहीं मंत्रालय, महानदी भवन द्वारा दिनांक 23/06/2021 को उप पुलिस अधीक्षकों के किये गये ट्रांसफर आदेश के अनुसार एसडीओपी सारंगढ़ जितेन्द्र खुंटे का स्थानांतरण उप पुलिस अधीक्षक अजाक/क्राईम जिला बलरामपुर तथा डीएसपी सतीश भार्गव का उप पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन कोंडागांव एवं डीएसपी अंजु कुमारी की पोस्टिंग डीएसपी दंतेवाड़ा की गई है, आज पुलिस नियंत्रण कक्ष में सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मी तथा ट्रांसफर में जा रहे अफसरों के लिए विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों में निरीक्षक गौरी शंकर दुबे, उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार दुबे, उप निरीक्षक नंदकिशोर मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक भुवन लाल पटेल तथा प्रधान आरक्षक जगदीश प्रसाद जयसवाल सेवानिवृत्त हुये हैं। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी करीब 39-40 वर्ष की लंबी सेवा देकर विभाग से सेवानिवृत्त हुए है। विदाई समारोह कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों द्वारा अपने सेवाकाल के खट्टे-मीठे पलों को कार्यक्रम में साझा किये। एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों तथा ट्रांसफर में दूसरे जिले जा रहे उप पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र खुंटे, सतीश भार्गव एवं अंजु कुमारी को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके द्वारा रायगढ़ पुलिस को दिए गए योगदान को बेहद महत्वपूर्ण बताये। वहीं ट्रांसफर, रिटायर्डमेंट की प्रक्रिया को विभाग का अहम हिस्सा बताते हुए सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को जीवन के दूसरे पड़ाव में अच्छे समय बिताने के लिए शुभकामनाएं दिये हैं।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा इस माह रायगढ़ पुलिस को पांच पुलिसकर्मियों के सेवानिवृत्त होने तथा तीन डीएसपी के स्थानांतरण की बेहद कमी महसूस होगी बताये। उन्होंने थाना प्रभारी गौरी शंकर दुबे के कार्य एवं व्यवहार को प्रभावित करने वाला बताये। पुलिस अधीक्षक सेवानिवृत्ति हो रहे पुलिसकर्मियों एवं स्थानांतरण पर जा रहे डीएसपी को उसके कार्य से रायगढ़ पुलिस को गौरवान्वित करने के लिए धन्यवाद दिए। ट्रांसफर पर दूसरे जिले जा रहे अफसरों को अपना बेस्ट देने व पब्लिक से अच्छा व्यवहार कर पब्लिक से पुरस्कार व सम्मान पाने को पुलिस के लिये बड़ा अचीवमेंट बताते हुए ट्रांसफर में जा रहे अधिकारियों को शुभकामनाएं दिए हैं। उनके द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को अब सिविलियन की तरह पुलिस विभाग को सलाह देने व विभाग की गुडविल को समाज में प्रचारित करने का आग्रह किया गया है। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उन्होंने आने वाले समय के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं एवं स्वस्थ दीर्घायु होने की कामना किए हैं। विदाई समारोह में उपस्थित नव पदस्थ एसडीओपी प्रभात पटेल का एसपी संतोष सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा उन्हें बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी गई है। कार्यक्रम में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ शहर के थाना, चौकी प्रभारी व आर आई उपस्थित थे।

## डीएसपी से पदोन्नत हुए पुलिस अफसरों के कंधों पर सजा अशोक स्तम्भ

**○ जिले के तीन डीएसपी गरिमा द्विवेदी, पीताम्बर पटेल, सुशील नायक पदोन्नत होकर बने हैं एडिशनल एसपी**

छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर से जारी आदेश दिनांक 26/06/2021 अनुसार 26 उप पुलिस अधीक्षकों को एडिशनल एसपी के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई है। पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में रायगढ़ जिले के एसडीओपी खरसिया पीतांबर सिंह पटेल, डीएसपी (आईयूसीएडब्ल्यू) गरिमा द्ववेदी एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ सुशील नायक भी शामिल हैं। पदोन्नत होने वाले अधिकारियों को आज पुलिस मुख्यालय में डीजीपी डी.एम. अवस्थी द्वारा कंधों पर अशोक स्तम्भ लगाया गया। वहीं सरिया व पुसौर थाने की सुपरविजन पुलिस अधिकारी गरिमा द्विवेदी को पुलिस कार्यालय में एसपी संतोष कुमार सिंह द्वारा अशोक स्तम्भ लगाकर पदोन्नति पर शुभकामनाएं दी गई है।

## महिला ने अस्पताल में फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर (आरएनएस)।** परिवारिक विवाद के चलते जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश करने वाली महिला ने अस्पताल में उपचार के दौरान फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले की शिकायत मौदहापारा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार अंबेडकर अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक महिला की लाश वार्ड नंबर 10 में फांसी के फंदे पर झूलते हुए देखा। मरीजों ने अस्पताल कर्मचारियों को इसकी सूचना दी। वहीं अस्पताल प्रबंधक ने महिला के सुसाइड की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर मौदहापारा पुलिस पहुंची है। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर पीएम के लिए भेज दिया है। प्रारभिंक जांच में पता चला है कि महिला ने घरेलू विवाद के चलते खुदकुशी की है। महिला ने जहर खाकर खुदकुशी की कोशिश की थी। वहीं अस्पताल में भर्ती होनेकके बाद अब फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## मां से झगड़ा मारपीट करने से मना करने पर पिता ने बेटे पर चलाया टांगी

**» वारदात में किशोर ने तोड़ा दम, आरोपी पिता गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर**

**धरमजयगढ़।** दिनांक 28.06.2021 के रात्रि पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द अन्तर्गत तेजपुर केकरापारा में रहने वाले विजय एक्का अपने नाबालिग बेटे को टांगी से मारकर गंभीर चोट पहुंचाया था, आहत का पत्थलगांव अस्पताल में फौत हो गया। चौकी रैरूमाखुर्द (थाना धरमजयगढ़) में आरोपी पर हत्या का अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।



घटना के संबंध में मृतक की मां खीस्टीना एक्का (31 साल) बताई कि इसके तीन बच्चे हैं। लडका इस्थेपन एक्का 14 वर्ष बड़ा है, उसके बाद लडकी और छोटा लडका अंकित एक्का है। इसका पति विजय एक्का दिनांक 28.06.21 के रात्रि करीब 9.30 बजे हडिया (शराब) पीकर घर आकर खाना खाने की बात को लेकर लडाई झगडा कर रहा था। लडाई झगडा की आवाज को सुनकर बडा लडका इस्थेपन एक्का आकर बीच बचाव करने लगा जिसे पति विजय एक्का तुम बीच बचाव मत करो, बीच बचाव करोगे तो जान से मार दुंगा कहते हुय अपने हाथ में रखे टांगी से इस्थेपन पर प्राण घातक हमलाकर गम्भीर चोट पहुंचाया, लडका वहीं बेहोश होकर गिर गया जिसे एम्बुलेंस से पत्थलगांव सरकारी अस्पताल लाये, जहां डॉक्टर चेक कर मृत्यु हो जाना बताया। थाना पत्थलगांव से बिना नम्बरी अपराध डायरी दिनांक 30/06/2021 को थाना धरमजयगढ़ को प्राप्त होने पर अपराध क्रमांक 130/2021 धारा 302 ता.हि. आरोपी विजय एक्का पर दर्ज किया गया। पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द प्रभारी उपनिरीक्षक जेम्स कुजूर द्वारा आरोपी विजय एक्का पिता बिछिया एक्का 37 साल निवासी तेजपुर केकरापारा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## रायगढ़ जिले का तमनार कोविड टीकाकरण में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने वाला प्रदेश का पहला विकासखंड बना

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में कोविड टीकाकरण व्यापक स्तर पर हो रहा है। कोविड टीकाकरण के क्षेत्र में रायगढ़ जिले में लगातार उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। रायगढ़ जिला शुरू से हर आयु वर्ग के टीकाकरण में अग्रणी रहा है। रायगढ़ में 26 जून को महा टीकाकरण अभियान में प्रदेश में एक दिन में 1 लाख 43 हजार 554 टीके लगाकर सर्वाधिक टीका लगाने का कीर्तिमान रचा गया। कलेक्टर भीम सिंह के नेतृत्व में रायगढ़ को प्रदेश का सबसे पहला कोविड टीकाकृत जिला बनाने के उद्देश्य से तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। इन्हीं उपलब्धियों के बीच अब रायगढ़ जिले का तमनार कोविड टीकाकरण के पहले डोज का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाला प्रदेश का पहला विकासखंड बन गया है। यहां आबंटित लक्ष्य के अनुसार टीकाकरण कार्य पूरा कर लिया गया है।



ज्ञात हो कि तमनार विकासखंड में जनसंख्या के आधार पर 18 प्लस तथा 45 प्लस आयु श्रेणी के टीकाकरण हेतु 72 हजार 290 लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य मिला था। 30 जून तक 18 प्लस में 41 हजार 646 और 45 प्लस आयु वर्ग के 30 हजार 685 सहित कुल 72 हजार 331 हितग्राहियों को टीके का पहला डोज लगाया जा चुका है। यह विकासखंड को आबंटित लक्ष्य से अधिक है।

उल्लेखनीय है रायगढ़ जिले में सभी आयु श्रेणी में अब तक 7 लाख 79 हजार 78 लोगों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जिसमें विकासखण्ड तमनार में 72 हजार 331, पुसौर में 88 हजार 771, बरमकेला में 89 हजार 687, लोईंग में 93 हजार 349, घरघोड़ा में 43 हजार 648, खरसिया में 76 हजार 552, लोईंग में 60 हजार 816, धरमजयगढ़ में 92 हजार 659, रायगढ़ शहरी में 68 हजार 564 तथा सारंगढ़ में 92 हजार 701 लोगों को टीकाकृत किया जा चुका है।

## कोविड 19 महामारी के दौरान पैरोल पर छुटे 2 कैदी फरार, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** कोविड 19 के दौरान पैरोल पर छुटे 2 कैदी फरार हो गए। मामले की शिकायत खरोरा थाने में दर्ज करायी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार केन्द्रीय जेल रायपुर में बंद पास्को एक्ट तथा एसीएसटीएक्ट एवं अपहरण बलात्कार के मामले में जेल में सजा भुगत रहे आरोपी को कोविड 19 के दौरान ग्राम घीवरा रायपुर निवासी चद्रकांत वर्मा को पैरोल पर छोड़ा गया था। जिसे 1 जुलाई 2020 को अस्थायी मुक्ति पर 10 दिन के लिए जेल से रिहा किया गया था। 12 जुलाई 2020 को पुनः जेल में प्रविष्ट होना था। कोविड 19 के प्रभाव होने के कारण कोर्ट के आदेश पर पैरोल की अवधि 31 दिसंबर 2020 तक बढ़ाया गया था। 28 जनवरी को थाना प्रभारी खरोरा को बंदी को को जेल में प्रविष्ट करने के लिए वारंट जारी किया गया। पुलिस द्वारा बंदी के गांव जाकर पतासाजी करने पर वह फरार है। इसी तरह ग्राम कोरासी राजीव कुमार पिता नंद कुमार को कोविड 19 महामारी के दौरान 21 जनवरी 2021 को केन्द्रीय जेल रायपुर से पैरोल पर छोड़ा गया था,लेकिन जेल में वापस दाखिल होने के समय अवधि निकल जाने के बावजूद भी वापस नहीं पहुंचने पर आरोपी के गांव पहुंचकर पतासाजी करने पर नही मिला। दोनों मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 224,229 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज किया गया है।

## 'छोटा परिवार एवं सुखी परिवार' विषय पर 8 जुलाई तक चित्रकारी एवं श्लोगन भेज सकते है

**» जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का हो रहा आयोजन**

**» चयनित प्रतिभागी होंगी पुरस्कृत**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजन दो चरणों में किया जा रहा है। जिसके तहत प्रथम चरणः-(जनसंख्या दम्पत्ति संपर्क पखवाड़ा ) 27 जून से शुरू हुआ है जो 10 जुलाई 2021 तक चलेगा। जिसके अंतर्गत परिवार नियोजन के अस्थायी विधि जन्म में अंतर रखने का महत्व के बारें में दम्पतियों को जागरूक किया जा रहा है। इसी तरह द्वितीय चरणः-(जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा)11 जुलाई से 24 जुलाई 2021 तक चलेगा। जिसके अंतर्गत परिवार नियोजन सेवा प्रावधानो पर केंद्रित रहेगा जो कि कोविड-19 संबंधित समस्त सावधानियों एवं सलाह को पालन करते हुए किया जाना है।

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के अंतर्गत रायगढ़ जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्हाट्अप ऑनलाइन नम्बर 7647921193 के माध्यम से कोविड -19 के प्रभाव से सुरक्षित रखते हुए घर में रहते हुए जिले के सभी इच्छुक व्यक्तियों के लिये श्लोगन और चित्रकारी प्रतियोगिता का विशेष आयोजन किया जा रहा है। जिसका विषय 'छोटा परिवार एवं सुखी परिवार' है इस आयोजन में शामिल व्यक्तियों मे प्रथम, द्वितीय, तृतीय चयनित कर व्यक्ति को पुरूस्कृत किया जायेगा। प्रतिभागी 8 जुलाई 2021 तक ऊपर दिये गये व्हाट्अप नं. पर 'श्लोगन और चित्रकारी भेजना सुनिश्चित करें।

## मनरेगा आयुक्त ने अभिसरण से कराए जाने वाले कार्यों की स्वीकृति में तेजी लाने के दिए निर्देश

**» सभी कलेक्टरों को जारी किया परिपत्र**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) आयुक्त मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने विभिन्न विभागों के अभिसरण से कराए जाने वाले कार्यों की स्वीकृति में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलों के कलेक्टर-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) को परिपत्र जारी कर अलग-अलग विभागों से मनरेगा के अंतर्गत अनुमेय कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त करने और उनकी स्वीकृति की प्रकिया में तेजी लाने कहा है। उन्होंने अपने पत्र में इस आशय का भी उल्लेख किया है कि अभिसरण के अंतर्गत कार्यों की स्वीकृति में प्रगति लाने विभाग प्रमुख राज्य और जिला स्तर पर विभागीय नोडल अधिकारी (अभिसरण) नामांकित करें। राज्य मनरेगा आयुक्त द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि मनरेगा के अंतर्गत वन एवं जलवायु परिवर्तन, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, जल संसाधन तथा ग्रामोद्योग विभाग के अभिसरण से कराए जाने वाले अनुमेय कार्यों एवं संबंधित विभागों की परियोजना क्रियान्वयन इकाई के तौर पर कराए जा रहे कार्यों की प्रगति अत्यंत कम है।



राज्य मनरेगा कार्यालय द्वारा अंतर्विभागीय अभिसरण के लिए विभिन्न जिलों में कार्यरत मनरेगा के सहायक परियोजना अधिकारियों और संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित अलग-अलग बैठकों में इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। मनरेगा आयुक्त ने सभी जिलों में कार्यों की स्वीकृति में तेजी लाने कहा है, जिससे प्रदेश में अभिसरण कार्यों की संख्या में इजाफा हो सके।

मनरेगा और विभागीय अभिसरण से हो सकते हैं ये काम- मनरेगा और वन विभाग के अभिसरण से विभिन्न प्रकार के वृक्षारोपण, नर्सरी विकास, नरवा के ड्रेनेज लाइन और एरिया ट्रीटमेंट संबंधित कार्य जैसे कंटूर ट्रेंच, कंटूर बण्ड, लूज बोल्डर चेक, गली प्लग निर्माण कार्य कराए जा सकते हैं। ग्रामोद्योग विभाग के जरिए सेरिकल्चर वृक्षारोपण, ग्रामीण हाट उन्नयन, मनरेगा कार्यों के लिए निर्माण सामग्रियों का उत्पादन कार्य, जल संसाधन विभाग द्वारा कमाण्ड एरिया विकास संबंधित कार्य जैसे वाटर कोर्स व नहर निर्माण, तथा वाटरशेड विकास संबंधित कार्य तथा कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पशुपालन के अंतर्गत सिल्वी पैश्चर चारागाह, मुर्गी शेड, पशु शेड, सुअर शेड, बकरी शेड, वर्मी कम्पोस्ट टैंक व नाडेप टैंक, मत्स्य पालन अंतर्गत मत्स्य पालन तालाब व फिश ड्राइंग यार्ड, उद्यानिकी के तहत नर्सरी व फलदार वृक्षारोपण एवं कृषि के अंतर्गत खेत समतलीकरण, वर्मी कम्पोस्ट टैंक व नाडेप टैंक निर्माण कार्य मनरेगा के अभिसरण से कराए जा सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480